बरेली, शुक्रवार
6 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO : 05 TOP

आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

जासं, बरेली : जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की सनराइज डा. अखिलेश दास स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन 400 नाकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। यह मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित बैंडमिंटन हाल के साथ एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज व मेडिकल कालेज में सुबह 10 बजे से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 1,353 शटलर धमाल मचाएंगे।

यह जानकारी गुरुवार को जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने दी। उन्होंने बताया कि पांच लाख रुपये की यह इनामी प्रतियोगिता 12 अक्टूबर तक खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष एकल में 750, पुरुष युगल में 222, महिला एकल में 270, महिला युगल में 95 और मिश्रित युगल में 155 खिलाड़ियों की एंट्री आई है। प्रतियोगिता के मुख्य ड्रा के मैच नौ से 11 तक अक्टूबर तक खेले जाएंगे। 12 अक्टूबर को फाइनल मुकाबले होंगे। इस दौरान टाफ सीडेड खिलाड़ियों में जगदीश के, साई चरण कोया, सिद्धार्थ प्रताप सिंह, यश योगी, कार्तिकेय गुलशन के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति रहेंगे। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएल खट्टर, राकेश टंडन, जगदीश खंडेलवाल, गौरव भसीन आदि मौजूद रहे।